11वीं कॉमनवेल्थ कराते चैम्पियनशिप 2024 डर्बन (साउथ अफ्रिका)
खेल अकादमी के कराते खिलाड़ियों ने जीते 06 पदक
खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

भोपाल 6.12.2024

दिनांक 27 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2024 तक 11वीं कॉमनवेल्थ कराते चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन डर्बन (साउथ अफ्रिका) में किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल अकादमी के कराते खिलाड़ियों ने 02 स्वर्ण और 04 कांस्य सहित कुल 06 पदक अर्जित किये। जिसमें अनुज गौस्वामी एवं कु. धड़कन शाह ने 01–01 स्वर्ण पदक अर्जित किया।

उल्लेखनीय है कि डर्बन (साउथ अफ्रिका) में आयोजित इस कराते चैम्पियनशिप में 18 से 20 देशों के लगभग 500 कराते खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। 48 सदस्यीय भारतीय दल में मध्यप्रदेश के 5 सदस्य शामिल थे।

विस्तृत परिणाम इस प्रकार है :–

इवेन्ट	खिलाड़ी का नाम	मैच के दौरान प्रदर्शन	पदक
सीनियर पुरूष –60 किग्रा व्यक्तिगत कुमिते	अनुज गोस्वामी	1st राउण्ड – आस्ट्रेलिया को 04–02 से परास्त किया 2nd बोस्टवाना को 08–03 से परास्त किया 3rd राउण्ड – केन्या को 06–01 से परास्त किया। Final राउण्ड – साउथ अफ्रिका को 07–05 से परास्त किया।	स्वर्ण
जूनियर बालिका –53 किग्रा व्यक्तिगत कुमिते	धड़कन शाह	1st राउण्ड – बोस्टवाना को 05–00 से परास्त किया 2nd केन्या को 04–03 से परास्त किया Final राउण्ड – साउथ अफ्रिका को 06–05 से परास्त किया।	स्वर्ण
सीनियर पुरूष –60 किग्रा व्यक्तिगत कुमिते	आकांक्षा सोलंकी	1st राउण्ड – मोरिशस को 04–03 से परास्त किया 2nd राउण्ड – स्कॉटलेण्ड को 02–01 से परास्त किया	कांस्य
सीनियर पुरूष टीम कुमिते इवेन्ट	अनुज गोस्वामी	1st राउण्ड – जिम्बाम्बे को 06–03 से परास्त किया 2nd राउण्ड – नाइजीरिया को 01–00 से परास्त किया	कांस्य
जूनियर बालिका टीम कुमिते इवेन्ट	धड़कन शाह	1st राउण्ड – साउथ अफ्रिका को 04–03 से परास्त किया 2nd राउण्ड – इंग्लेण्ड को 03–02 से परास्त किया	कांस्य
सीनियर पुरूष टीम कुमिते इवेन्ट	आकांक्षा सोलंकी	1st राउण्ड – बोस्टवाना को 05–03 से परास्त किया 2nd राउण्ड – बांग्लादेश को 03–01 से परास्त किया	कांस्य

इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 09 पदक प्राप्त किये, जिसमें खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने कुल 02 स्वर्ण, 04 कांस्य पदक अर्जित किये।

प्रदेश के खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल अकादमी के पदक विजेता कराते खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुये अपनी बधाई दी है।

——